महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

**MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY**

पत्रांकःरू.वि. / गोप. / प्रयो.मौ. / 2025 / 441-448 दिनांकः–06.05.2025

सेवा में,

**प्राचार्य / प्राचार्या**
**समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,**
**महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय,**
**बरेली।**

विषयः– **नई शिक्षा नीति–2020 से अच्छादित स्नातक स्तर पर पाठ्यक्रम (बी0ए0, बी0एस–सी0, बी0कॉम–द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठम सेमेस्टर, बी0एस–सी0 गृहविज्ञान–द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर तथा बी0बी0ए0–रिटेल / हेल्थ केयर–द्वितीय सेमेस्टर) इत्यादि पाठ्यक्रमों की सम सेमेस्टर की बाह्य प्रयोगात्मक / आन्तरिक परीक्षा सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

नई शिक्षा नीति–2020 से अच्छादित **स्नातक स्तर पर पाठ्यक्रम** (बी0ए0, बी0एस–सी0, बी0कॉम–द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठम सेमेस्टर व बी0एस–सी0 गृह विज्ञान–द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर तथा बी0बी0ए0–रिटेल / हेल्थ केयर–द्वितीय सेमेस्टर) इत्यादि पाठ्यक्रमों की प्रयोगात्मक / **मौखिकी परीक्षायें** आन्तरिक एवं बाह्य परीक्षक आमंत्रित कर सम्पन्न करायी जानी है। परीक्षकों की नियुक्ति के सम्बन्ध में पत्रांकःरू.वि. / गोप. / प्रयो.मौ. / 2024 / 2302–2309 दिनॉक 15.04.2024 के अनुसार समस्त प्रयोगात्मक / मौखिकी परीक्षा **सम्पन्न करायी जानी है। समस्त महाविद्यालय दिनॉक 10.05.2025 से 10.06.2025 तक प्रत्येक दशा में समस्त प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न करा लें,** किसी भी स्थिति में तिथि समाप्ति के पश्चात अंकों को ऑनलाइन स्वीकार नहीं किया जायेगा एवं **पोर्टल बन्द कर दी** जायेगी। उपरोक्त के अतिरिक्त निम्न निर्देशों का पालन भी महाविद्यालयों द्वारा सुनिश्चित किया जाना **है:–**

1. प्रत्येक महाविद्यालय द्वारा अंकपर्ण की दो **प्रतियाँ तैयार की** जायेंगी तथा उनकी हार्ड कॉपी महाविद्यालय में ही सुरक्षित रखी जायेंगी, अंक केवल ऑनलाइन **प्रकिया के** माध्यम से ही स्वीकार्य होगें। आवश्यकता पड़ने पर महाविद्यालय को सम्बन्धित अंकपर्ण की मूल प्रति उपलब्ध **करानी** होगी। **उन्हें किसी भी माध्यम से विश्वविद्यालय प्रेषित किये जाने की आवश्यकता नहीं हैं।**
2. सभी प्रकार की परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकायें **चुनौती मूल्यॉकन** (Challenge Evaluation) से अच्छादित हैं, अतः प्रयोगात्मक परीक्षा की उत्तरपुस्तिका सुरक्षित रखी जायें **तथा** विश्वविद्यालय द्वारा मॉगें जाने पर तत्काल उपलब्ध कराना होगा।
3. परीक्षकों को पूर्व की भॉति नियमानुसार पारिश्रमिक देय **होगा।**
4. परीक्षा समिति की बैठक दिनॉक 17.12.2008 **में लिये गये निर्णयानुसार** प्रयोगात्मक परीक्षा में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों **की उत्तरपुस्तिकाओं के** सील्ड पैकेट पृथक से विश्वविद्यालय द्वारा मॉगे जा सकते हैं।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक **कार्यवाही हेतु** प्रेषितः–

1. डा0 अमित सिंह, मीडिया प्रभारी।
2. उप–कुलसचिव (गोपनीय)।
3. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेवसाइट को **विश्वविद्यालय की वेवसाइट** पर अपलोड करने हेतु।
4. प्रभारी, ऑनलाइन एजेन्सी।
5. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति **महोदय के** संज्ञानार्थ प्रेषित।
6. वै0 सहायक, कुलसचिव।
7. प्रशासनिक अधिकारी (गोपनीय)।

परीक्षा नियंत्रक